S 10/A/0556/2024

श्री योगी एम पी सिंह बनाम जन सूचनाधिकारी कार्यालय– पुलिस आयुक्त जनपद– प्रयागराज।

समक्ष– श्री राकेश कुमार, मा0 राज्य सूचना आयुक्त

आदेश

पुकार करायी गयी। पत्रावली प्रस्तुत हुई। प्रस्तुत प्रकरण में अपीलार्थी अनुपस्थित है तथापि अपीलार्थी का लिखित अभिकथन आयोग को दिनांक–25.04.2025 ई–मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिसमें आपत्ति की गयी है।

विपक्षी की ओर से उनके प्रतिनिधि श्री आंकाक्षा द्विवेदी उपनिरीक्षक थाना मऊआइमा जनपद– प्रयागराज उपस्थित हुई, उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि अपीलार्थी के आपत्ति का निस्तारण करते हुए, उन्हें दिनांक–11.05.2025 को सूचना प्रेषित कर दी गयी है तथा प्रेषित सूचना के साथ श्री पंकज लवानियां जन सूचनाधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर, प्रयागराज का लिखित अभिकथन दिनांक–11.05.2025 प्रस्तुत किया गया है, जिसे पत्रावली पर रक्षित किया गया।

प्रश्नगत प्रकरण में अपीलार्थी को विपक्षी द्वारा प्रस्तुत किये गये लिखित अभिकथन दिनांक–11.05.2025 की प्रति संलग्न कर सुनवाई की **नोटिस** प्रेषित करते हुए, यह अपेक्षा की जाती है कि विपक्षी जन सूचनाधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी वांछित सूचनाओं का अवलोकन कर लें, यदि उपलब्ध सूचनाओं पर अपीलार्थी को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति विपक्षी जन सूचनाधिकारी के कार्यालय में दर्ज कराते हुए, विपक्षी के कार्यालय में दर्ज करायी गयी, आपत्ति मय साक्ष्य सहित अगली सुनवाई तिथि को उपस्थित होकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में प्रकरण में अन्तिम आदेश पारित कर दिया जायेगा।

विपक्षी जन सूचनाधिकारी को भी आदेशित किया जाता है कि यदि अपीलार्थी की आपत्ति उनके कार्यालय में प्राप्त होती है, तो वह अगले दो सप्ताह के अन्दर उनकी आपत्ति का वाजिब समाधान नियमानुसार करते हुए, प्रकरण की अगली सुनवाई तिथि पर सूचनाओं की दो प्रति सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें।

पक्षकारों से यह अपेक्षा है कि वह अगली सुनवाई तिथि को स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहे ताकि पक्षकारों को सुनकर प्रकरण में नियमानुसार आदेश पारित किये जा सके, यदि पक्षकार अनुपस्थित रहते हैं तो पक्षकारों की अनुपस्थिति में भी आदेश पारित किये जा सकेंगे।

वास्ते अगली सुनवाई दिनांक– 17.07.2025 को पेश हों।

13.05.2025

D